Bareilly, Sunday,
13 April 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : IV MIDDLE

# 5 विकेट लेकर विद्या वर्ल्ड ने जीता मैच

## एसआरएमएस क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 में रविवार को मिशन एकेडमी ने भी जीता अपना मुकाबला




विनर्स को किया गया सम्मानित.

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (12 April):** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स के चौथे दिन शनिवार को खेले गए दोनों मुकाबलों में खिलाड़ियों को ताबड़तोड़ बल्लेबाजी, शानदार क्षेत्ररक्षण और करिश्माई गेंदबाजी देखने को मिली. विद्या वर्ल्ड स्कूल के गेंदबाज लकी ने मेडेन ओवर में पांच विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलाई. वहीं, मिशन एकेडमी के कप्तान असद नद्फ ने 62 गेंदों में छह छक्कों और 13 चौकों की मदद से नाबाद 128 रन बनाकर टीम की जीत दिलाई. दोनों खिलाड़ियों को मैन आफ द मैच चुना गया.

### मिशन एकेडमी ने की बल्लेबाजी

एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी (सीईटी) की ओर से आयोजित टूर्नामेंट के सातवें मैच में टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने वाली मिशन एकेडमी की टीम ने कप्तान असद नद्फ के नाबाद 128 रन, रोहित मरांडी के 20 रन और हिमांशु गंगवार के 44 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 211 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी राधा माधव पब्लिक स्कूल की टीम बड़े स्कोर के दवाब में बिखर गई और 12.3 ओवर में 48 रन ही बना सकी. मिशन एकेडमी ने 163 रनों के बड़े अंतर से मैच अपने नाम किया. राधा माधव के पांच खिलाड़ी खाता भी नहीं खोल सके, जबकि दो खिलाड़ियों ने 1-1 रन बनाया. शिवम 10 और अमन ठाकुर 17 रन बन सके. मिशन एकेडमी के सुमन प्रशांत और प्रसाद ने 3-3 विकेट हासिल किए, जबकि शोहिब खान को दो विकेट झटके. टूर्नामेंट के आठवें क्रिकेट मुकाबले में विद्या वर्ल्ड स्कूल की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाए. इसमें अंकित नागर 23 रन, अभय सक्सेना के 30 रन, कुशाग्र मौर्या के 24 रन, लकी ने 18 रन, आयुष गंगवार ने 30 रन और कप्तान अमन कुमार ने नाबाद 38 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी सोबतीज पब्लिक स्कूल की टीम 16 ओवर में 85 रन बनाकर आलआउट हो गई, जिससे विद्या वर्ल्ड ने 125 रन से मैच जीता. विद्या वर्ल्ड स्कूल के कप्तान अमन कुमार ने 16वें ओवर में गेंदबाज लकी ने करिश्माई ओवर किया.